भारत सरकार
जनजातीय कार्य मंत्रालय
राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या. †2860

उत्तर देने की तारीख 12.12.2019

सहरिया जनजाति को विशेष रूप से कमजोर या आदिम जनजातीय समूह में शामिल किया जाना

†2860. **श्री संजय सिंहः**

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश के कितने राज्यों और जिलों में सहरिया जनजाति के जनजातीय लोग रहते हैं;

(ख) किन-किन राज्यों में उक्त जनजातियों को विशेष रूप से कमजोर 'जनजातीय समूह' या (आदिम जनजातीय समूह) (पीवीटीजी) में सम्मिलित किया गया है और किन-किन राज्यों में उनको इसमें शामिल नहीं किया है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले में सहरिया जनजातियों को आदिम जनजातीय समूहों में सम्मिलित किया गया है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और सरकार द्वारा उक्त जनजातियों को उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले में आदिम जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) में सम्मिलित करने के लिए क्या कार्रवाई की जाएगी?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री
)श्रीमती रेणुका सिंह सरुता(

(क): सहरिया को छत्तीसगढ़ राज्य (क्रम संख्या 38) तथा मध्य प्रदेश (क्रम संख्या 42) में अनुसूचित जनजाति (अजजा) के रूप में अधिसूचित किया गया है।

(ख): सहरिया की पहचान मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों में पीवीटीजी के रूप में की जाती है। इसके अलावा, सेहरिया को राजस्थान राज्य में पीवीटीजी के रूप में चिन्हित किया गया है।

(ग) तथा (घ): जी, नहीं । उत्तर प्रदेश राज्य से ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****